# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक 03.06.2024**

**एसओजी/सर्विलांस टीम शामली व थाना कांधला पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत हुई ई-रिक्शा लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 02 लूटेरे व लूटी गयी ई-रिक्शा खरीदने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूटी गयी ई-रिक्शा व अवैध हथियार बरामदः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 30.05.2024 को श्री वितेश पुत्र सिमरु निवासी मौहल्ला रामसागर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली की ई-रिक्शा थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंजोखरा के पास 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा छीन लेने के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सूचना दी गयी थी। पीडित की तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना का शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा टीमों का गठन किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 03.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में एसओजी/सर्विलांस टीम शामली व थाना कांधला पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत हुई ई-रिक्शा लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 02 लूटेरो व लूटी गयी ई-रिक्शा खरीदने वाले 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से लूटी हुई ई-रिक्शा, एक अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर व एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण:-**

1.बृजपाल पुत्र उदयवीर उर्फ उदा निवासी ग्राम बासोली थाना रमाला जनपद बागपत।

2.सागर पुत्र कैलाश निवासी मौहल्ला नन्दु प्रसाद थाना कोतावली शामली जनपद शामली।

3.परदेश पुत्र किरणपाल निवासी ग्राम पलडी थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.लूटी हुई ई-रिक्शा रजि0नं0 UP19T2238।

2.एक अवैध तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर।

3.एक अवैध चाकू।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध अपमिश्रित शराब व यूरिया बरामदः-**

दिनांक 02.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए गये अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को अवैध 05 लीटर अपमिश्रित शराब व 500 ग्राम यूरिया व अन्य सामान सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.फरमान पुत्र इकबाल निवासी ग्राम भूरा थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 05 लीटर अपमिश्रित शराब।

2.यूरिया 500 ग्राम।



**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा चोरी के मामले में 01 बाल अपचारी हिरासत में, कब्जे से चोरी किया गया सामान व नगदी बरामदः-**

`दिनांक 02.06.2024 की रात्रि में वादिया श्रीमती मोनी पत्नी राजू निवासी मौहल्ला गाँधी चौक कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन जनपद शामली के घर से अज्ञात चोर द्वारा सामान व नगदी चोरी कर ली गयी थी। घटना के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 03.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार लूट/चोरी की घटनाओं में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा चोरी के मामले में 01 बाल अपचारी को हिरासत में लेने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से चोरी किया गया सामान व नगदी बरामद हुई है। बाल अपचारी की हिरासत व सामान की बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.एक हाथ घड़ी।

2.एक जोडी पाजेब सफेद धातु।

3.नगदी 2085/- रूपये।

**<u>थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामदः-</u>**

आज दिनांक 03.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को चोरी की 01 मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के साथी तासिम पुत्र जमशेद निवासी ग्राम गोगवान थाना कैराना जनपद शामली को दिनाँक 30.05.2024 को थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा चोरी की 03 मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

ज्ञात हो दिनाँक 29.05.2024 को निशान्त मलिक पुत्र अशोक मलिक निवासी ग्राम मखमूलपुर थाना कांधला जनपद शामली की मोटर साइकिल न्यायालय परिसर कैराना से चोरी हो जाने के सम्बन्ध में थाना कैराना पर लिखित प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था। दाखिला प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.वासिल पुत्र मेहन्दा निवासी ग्राम गोगवान थाना कैराना जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.चोरी की हुई मोटर साइकिल हीरो स्प्लेडन्डर प्लस रजि0 UP12W1846।



**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा जानवर के साथ अश्लील कृत्य करने के मामले में 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 03.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा जानवर के साथ अश्लील कृत्य करने के मामले में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि को थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत एक वीडियो वायरल हो रहा था जिसमें एक व्यक्ति जानवर के साथ अश्लील कृत्य करते हुये दिखाई दे रहा था। वायरल वीडियो का तत्काल संज्ञान लेकर थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना थानाभवन को निर्देशित किया गया था।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.साबिर पुत्र ईनाम गाढ़ा निवासी मौहल्ला हाफिज दोस्त थाना थानाभवन जनपद शामली।




**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**